# महिदपुर नपा जलकर वसूली गबन में दो और नाम आए सामने

▶ **महिदपुर नगर में चर्चा का विषय बना गबन का मामला**




**महिदपुर।** नगर पालिका में हुए जलकर राशि के 25 लाख से अधिक के गबन में आरोपी प्रकाश चौधरी के कथन उपरांत दो व्यक्तियों का नाम सामने आया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकायुक्त अगर चल अचल संपति की जांच करे तो मामला कुछ और भी हो सकता है। नगर पालिका में कई वर्षों से यहां गबन का गोरखधंधा चल रहा था जो आखिर में कानून के शिकंजे से नहीं बच पाया।

बता दें कि पूर्व में एक सफेद पोश नेता की छत्रछाया में जलकर वसूली का गबन कर बड़े ही आराम से शासन को चूना लगाया जा रहा था पर कहते हैं ना कि चोरी कभी भी नहीं छुपती है यहां गबन शासन की नाक के नीचे नगरपालिका में दीमक की तरह और आर्थिक अपराध धड़ल्ले से चल रहा था। अब नेता जी तो आरोपी बनेंगे नहीं पर उनका हुकुम बजाने वाले जो नगर पालिका के मालिक बन बैठे थे अब न्यायालय के चक्कर काट रहे है। भगवान के घर देर है अंधेर नहीं, यही इस प्रकरण में साबित हुआ है। एक बात और जांच का विषय है कि जिन लोगों का नाम इस प्रकरण में आया है। उनकी पद स्थापना क्या है और वह कौनसा कार्य कर रहे थे इसकी जांच होने पर इसमें भी बड़ी लापरवाही नगरीय प्रशासन विभाग की उजागर हो सकती है। अब देखना यहां है कि इतनी कार्रवाई के बाद आगे महिदपुर पुलिस कब इन शासन के पैसे चुराने वाले फरार व्यक्तियों को गिरफ्तार करती है।

**इनका कहना है...**

अभी तक आरोपी नहीं बनाए गए हैं। इसलिए मामले में कुछ भी बोलना ठीक नहीं है। सबसे अहम बात यह है कि बिना सबूत के किसी का भी नाम लेना ठीक नहीं है।

–जेंडन लिंगजेरप्पा, एसडीओपी महिदपुर

10 वर्ष पूर्व में हुए 25 लाख के गबन में शासन के आदेश पर थाने पर आवेदन दिया गया था। पूर्व में दिए आवेदन में कार्रवाई करते हुए, एफआईआर नहीं हो पाई थी, आगामी कार्रवाई करते हुए, शासन के निर्देश पर करवाई करते हुए मेरा द्वारा एफआईआर दर्ज कराई थी।

–राजा यादव, सीएमओ महिदपुर

# धधकते अंगारों पर चले पुरूष- महिला, बच्चे भी चूल में निकले
## धुलेंडी पर्व पर महिदपुर में आस्था की चूल का आयोजन



**महिदपुर।** तहसील के गांव धुलेट में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आस्था के साथ चूल में धधकते अंगारों पर से बडी संख्या में श्रद्धालु निकले। ग्राम धुलेट के धुर्जटेश्वर महादेव मंदिर में धुलेंडी पर्व पर चूल का आयोजन किया गया। आस्था के साथ श्रद्धालु धधकते अंगारों पर से निकले धुलेट में भव्य चूल का आयोजन किया जाता है। मान्यता के अनुसार अपनी मन्नत पूरी होने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु धुलेंडी के दिन अंगारों पर चलते हैं, सालों पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए यहां भव्य चूल श्रद्धालु महादेव के जय-जयकराओ के साथ सैकड़ों श्रद्धालु नंगे पैर महिला पुरुष बच्चे चलाते हैं।

धुलेट में ढोल धमाकों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंगारों पर चले महिदपुर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत पूर्ण विधि विधान और धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई। महंत राजेंद्र भारती ने बताया कि माता हिंगलाज के नाम से विशेष पूजा अर्चना की। मंत्रोच्चार के बीच जैसे ही धधकते अंगारों की चूल को प्रज्जवलित किया गया। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि माता हिंगलाज और भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से यहां अंगारे उनके लिए पुष्प के सम्मान शीतल हो जाते हैं। चूल का आयोजन से पूर्व गांव की पारंपरिक गैर ने भगवान शिव की विशेष आराधना की ढोल- धमाकों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर थी थिरकते श्रद्धालुओं ने महादेव का आव्हान किया। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु धधकते अंगारों पर चलते नजर आए।

## एक नजर में

### विनयवान को ही आती है विद्या: महेन्द्र ऋषि

**इंदौर.** विनयवान को ही विद्या आती है. होली पर धर्म के पांच रगों को ग्रहण करो जिससे जीवन में यह रंग लग जाए तो जीवन सफल हो जाए. लोभ, मान, माया, क्रोध, जब तक हमारे जीवन से नहीं निकलेंगे तब तक जीवन दुर्गंधमय रहेगा. उक्त विचार युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज ने होली चतुर्मासिक पक्खी पर्व पर महावीर भवन की धर्म सभा में व्यक्त किये. आगे आपने कहा कि आत्मा छोटी बड़ी नहीं होती इसका कोई रूप नहीं महत्व चेतना का है, जड़ का नहीं. त्योहार पापों को धोने के लिए आते हैं परंतु हम अविवेकपूर्ण रूप से पाप बंध करते चले जाते हैं. कर्मों को हल्के रखो तो तीर जाएंगे और कर्मों को भारी रखोगे तो डूब जाएंगे. युवाचार्य भगवंत ने आज चातुर्मासिक पक्खी होली के अवसर पर देश के विभिन्न शहरों में अन्य साधु साध्वियों के चातुर्मासो की घोषणा की आपका अगला चातुर्मास भीलवाड़ा राजस्थान में घोषित हुआ है. धर्म सभा में अभिषेक मुनि, राजेश मुनि, विकसित मुनि, रमणीक कंवर दमु महाराज, पुनीत ज्योति महाराज, अरुणप्रभा महाराज, दिव्य ज्योति महाराज, मुक्ता महाराज आदि संत सती मंडल ने भी धर्मसभा में धर्म वाणी श्रवण कराई. कल होली पर्व पर पांच पांच समायक की दया का विशाल आयोजन रखा गया है. महामंत्री रमेश भंडारी ने संघ की ओर से उद्बोधन दिया. सभी का स्वागत किया आज की धर्म सभा में जिनेश्वर जैन, राजकुमार पंजाबी, रितेश कटकानी, पीयूष जैन, रखबचन्द कोटावाले, अशोक मंडलीक, राजेंद्र लोढ़ा डिपिन जैन, रेनू जैन, आदि बड़ी संख्या में महानुभाव उपस्थित थे. धर्म सभा संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

### आतिशबाजी के साथ इंदौर स्थापना दिवस महोत्सव का समापन

**इंदौर.** इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय महोत्सव के तहत मंगलवार को शहर के प्रथम शासक राव राजा राव नन्दलाल मंडलोई एवं अन्य शासकों की स्मृति में जूनी इंदौर स्थित बड़ा रावला पैलेस परिसर में रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन किया गया. रंगों के त्यौहार पर दीपावली जैसा जश्न मनाया गया. इस मौके पर मंडलोई परिवार के वंशजों ने शहर में शांति, सद्भाव एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए नागरिकों को होली एवं धुलेंडी की शुभकामनाएँ भी समर्पित की. समिति के प्रमुख और मंडलोई परिवार के वंशज युवराज वरदराज मंडलोई सहित परिवार के अनेक सदस्यों और स्नेहीजनों ने मंगलवार शाम को जूनी इंदौर स्थित बड़ा रावला पैलेस में मंडलोई परिवार के वंशज राव राजा श्रीकांत मंडलोई, रानी साहिबा सौ. माधवी मंडलोई, युवराज वरदराज मंडलोई, राजाबाई श्रिया मंडलोई जमींदार सहित अनेक परिजनों एवं स्नेहीजनों ने रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन किया.

### दाऊदी बोहरा समाज की तीन वश्शेक रात आज से

**इंदौर.** दाऊदी बोहरा समाज के रोजे और इबादत के पवित्र रमजान माह की तीन वश्शेक रात बुधवार 4 मार्च, शुक्रवार 6 मार्च और रविवार 8 मार्च को होगी. यह जानकारी देते हुए इंदौर समाज के मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया की मंगलवार को पंद्रहवां रोज़ा अदा हुआ. बुधवार को सोलहवां रोज़ा अदा होगा. रमज़ान माह की तीनों वश्शेक रातों में रात को मग़रीब व ईशा की नमाज के बाद विशेष नमाज अदा की जाएगी. वश्शेक की फाजिल रातों में समाजवासी इबादत कर गुनाहों की माफी तलब करेंगे.

### दो माह के शिशु संग लाचार महिला को मिली पुलिस की मदद

**इंदौर.** पारिवारिक विवाद के बाद पति द्वारा दो माह के शिशु सहित महिला को बेसहारा छोड़ देने के मामले में छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के दो आरक्षकों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित उसके गंतव्य तक रवाना कराया. जानकारी के अनुसार महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. विवाद के बाद पति उसे दो माह के बच्चे और चार बैग के साथ छोड़कर चला गया. आर्थिक व पारिवारिक सहयोग न होने से महिला परेशान अवस्था में थी. इसी दौरान छोटी ग्वालटोली थाने में पदस्थ आरक्षक राजेंद्र जामलिया और आरक्षक दीपक भदौरिया की नजर महिला पर पड़ी. दोनों आरक्षकों ने स्थिति समझते हुए पहले महिला और शिशु को सुरक्षित स्थान पर बैठाया, आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई तथा परिजनों से संपर्क स्थापित कराया.

# भाविप के त्रिदिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर शुरू

▶ **500 लोगों का हुआ पंजीयन**

▶ **उमेशनाथ महाराज के सानिध्य में महानंदानगर में आयोजन**




**उज्जैन।** भारत विकास परिषद महानगर उज्जैन द्वारा महानंदानगर कम्युनिटी हॉल में त्रिदिवसीय दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय संत परम पूज्य उमेशनाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। श्री भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में अब तक 500 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश को अतिथियों द्वारा विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया।

जिला समन्वयक श्याम बंसल तथा कार्यक्रम संयोजक भगवान शर्मा और पराग काबरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव, अवंतिका विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर नितिन राणे, पर्यावरणविद श्याम माहेश्वरी और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर समन्वयक प्रकाश चित्तौड़ा ने की।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन को नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना से प्रेरित बताते हुए इसे पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा करार दिया। साथ ही, उन्होंने लोगों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया।

इस त्रिदिवसीय शिविर को सफल बनाने और व्यवस्थाएं संभालने में समाजसेवी सतीश पटेल की टीम सहित सुनील लावणगीकर, रवींद्र सोनी, ओम गुप्ता, ईश्वर पटेल, रवींद्र मूले, दिनेश महाजन, दीपक राजवानी, विजय सुराना, संदीप पांडे और मुकेश लखवानी लगातार सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन पूजा चित्तौड़ा और तनु-रुद्रेश शर्मा ने किया, जबकि आभार पराग काबरा ने माना। इस त्रिदिवसीय सेवा शिविर का समापन 7 मार्च को होगा।

# महापौर ने दिवंगत कर्मचारियों के परिजन को चेक सौंपे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में कल चोइथराम मंडी गेट के सामने दुखद घटना में दिवंगत नगर निगम कर्मचारियों को महापौर ने आज 30-30 लाख के चेक सौंपे. महापौर और स्वास्थ प्रभारी दिवंगत कर्मचारियों के घर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे. परिजनों से कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा नगर निगम परिवार आपके साथ खड़ा है.**

कल चोइथराम मंडी गेट पर ड्रेनेज चेंबर से पाइप निकालने में नगर निगम कर्मचारी करण यादव एवं अजय डोडिया की मृत्यु हो गई थी. महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज उक्त दुखद घटना पर शौक संवेदना व्यक्त करने मृतकों के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया. दोनों परिवारों को 30-30 लाख की सहायता राशि के चेक सौंपे. इस दौरान प्रताप करोसिया, स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ला, भारत पारख, रमेश खत्री तथा नगर निगम अपर आयुक्त आशीष पाठक उपस्थित थे.

**निगम परिवार आपके साथ**

परिजनों से महापौर कहा कि दु:ख की इस घड़ी में पूरा नगर निगम परिवार आपके साथ खड़ा है. परिवार की इच्छा अनुसार आउटसोर्सिंग द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही सफाई संघ सहित पूरा निगम प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए सदैव साथ है.

**महाकाल से लेकर गंगा नगर तक छाया उत्साह**

# मेवाड़ा भांबी समाज की होली गैर में उड़ा रंग-गुलाल



**उज्जैन।** मेवाड़ा भांबी समाज द्वारा बुधवार 4 मार्च को सामूहिक होली गैर का भव्य आयोजन किया गया। ज्योतिषाचार्य के निर्देशानुसार और होली पर्व के उपलक्ष्य में समाजजन बाबा रामदेव मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां महाआरती की गई, जिसके बाद सामूहिक रूप से रंग-गुलाल उड़ाते हुए गैर की शुरुआत हुई।

**इन प्रमुख मार्गों से गुजरी गैर:** गैर का कारवां महाकाल मंदिर क्षेत्र से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। यह कोट मोहल्ला, जयसिंहपुरा, चार धाम मंदिर, गणेश कॉलोनी, अवंतीपुरा, महावीर नगर, पीपलीनाका, भेरुगढ़ रोड और 16 सागर होते हुए गंगानगर पर समाप्त हुई। इस दौरान जगह-जगह समाजजनों ने गैर का स्वागत किया और उत्साहपूर्वक रंग पर्व मनाया। गैर में अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा के साथ देवनारायण जयपाल, रतनलाल जावल, कुरुलाल पंवार, नरेंद्र, सोनू, हरिसिंह परिहार, देवीलाल सूर्या, तुलसीराम, मनोहरलाल राजोरिया, अम्बाराम मकवाना, गोपाल नलखेड़ा, रामपाल मादावत, किशोर, श्याम शंकरपुर, सत्यनारायण, रमेश मादावत, मदनलाल बगोदिया, लालु भाकुन्दिया, गिरधारी, ईश्वर, जितेन्द्र, प्रकाश जावल बागला, लखन गलोजिया, जगदीश परिहार, पवन जानटेकरी और श्याम खारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। आयोजन में संपूर्ण महिला मंडल भी विशेष रूप से शामिल रहा। गैर के समापन पर उज्जैन अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा ने आयोजन में शामिल होने और इसे सफल बनाने के लिए समस्त समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक गैर में समाज की एकजुटता सराहनीय रही।

# महिला दिवस पर शिव-शक्ति स्वरूपा महिला सम्मेलन में करेंगे मातृशक्तियों का सम्मान

▶ **भाविप विक्रमादित्य एवं श्री अवंतिका संस्कार परिवार के 75वें स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने के साथ किया जाएगा स्वास्थ्य परीक्षण**

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद भाविप विक्रमादित्य, उज्जैन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्तियों का सम्मान करेगी।

संस्था के 75वें स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में संपूर्ण रक्त परीक्षण के साथ महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया जाएगा। शिव-शक्ति स्वरूपा महिला सम्मेलन पटेल परिवार मांगलिया इंदौर, श्री अवंतिका संस्कार परिवार, मेडिस्टा हॉस्पिटल इंदौर एवं लोटस हॉस्पिटल उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. ध्वनि शर्मा व मनीष पटेल, भाविप विक्रमादित्य के संरक्षक पं. भगवान शर्मा, सतीश पटेल एवं डॉ. करण पंड्या ने बताया कि हम विगत 7 वर्षों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली मातृशक्तियों को सम्मानित करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में इस 8वें आयोजन में 101 मातृशक्तियों को उत्कृष्ट मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा, शैलेष भाई मेहता सौटा एवं अमित ठाकर विधायक गुजरात के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि शिवनारायण जागीरदार, हीरालाल त्रिवेदी, रमेश पंड्या, मुकेश पंड्या, शुभा जोशी व सुभाष शर्मा पूर्व महापौर देवास रहेंगे। राजयोगी ब्रह्माकुमारी ऊषा दीदी के पावन सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रीति पाठक करेंगी। जानकारी देते हुए डॉ. प्रशांत पाटीदार, तनु-रुद्रेश शर्मा व कु. कनिका ठाकुर पटवारी कुक्षी ने बताया कि स्थानीय औदिच्य धर्मशाला पर 7 मार्च को प्रात: 9 बजे महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मातृशक्तियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

डॉ. गायत्री भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर संपूर्ण भारत से आने वाली सभी मातृशक्तियों के स्वास्थ्य एवं संपूर्ण रक्त परीक्षण के साथ मेडिस्टा हॉस्पिटल इंदौर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा अग्रवाल एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. लवेश अग्रवाल द्वारा महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए आधुनिक तकनीक व विजुअल्स के माध्यम से प्रस्तुति दी जाएगी।

# श्री चिड़ार समाज ने निकाली गुलाल गेर



▶ **शोकग्रस्त परिवारों को दिया सांत्वना का संदेश**

उज्जैन। रंगों के त्योहार होली के अवसर पर, श्री चिड़ार समाज द्वारा इस वर्ष 4 मार्च को अत्यंत भावनात्मक गुलाल गैर निकाली गई, जो सामाजिक संवेदना और सांत्वना का प्रतीक बन गई। इस अनूठे आयोजन में समाज के सभी लोग एक साथ एकत्रित हुए और उन परिवारों के घर पहुंचे जो किसी अपने के बिछड़ने के कारण शोक (गमी) में थे। समाजजनों ने इन परिवारों पर रंग और गुलाल डालकर यह संदेश दिया कि दुख की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है।

संयोजक मुलचंद सोनी ने बताया कि समाज संरक्षक पुरषोत्तम मगरे और पूर्व अध्यक्ष भगवानदास ब्रामनिया के नेतृत्व में सभी समाजजन मोहन नगर स्थित अम्बे माता मंदिर पर बुधवार सुबह 8:45 बजे एकत्रित हुए। अम्बे माता मंदिर से यह भावनात्मक गैर नाका नंबर 5 पहुंची। इसके बाद ढांचा भवन, सरस्वती नगर, गणेश पूरा, कंचनपुरा, अंजुश्री सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए समाजजन सेठी नगर पहुंचे, जहां गुलाल गैर का समापन हुआ।

इस दौरान समाज के वरिष्ठ हरिश्चंद्र आठिया, शिवदयाल बेलिया, प्रेमनारायण बरहा, मोहन चंदेल, दीपक धंधेरे, सचिन मगरे, संजय हनुमंत सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस सामाजिक पहल को मजबूती दी।

**एक नजर** ▶ **अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह**

# डॉ. विजय गर्ग और कैलाश अग्रवाल सम्मानित

**उज्जैन। अग्रवाल विकास समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल के नेतृत्व में अलकनंदा नगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में 4 मार्च को होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजबंधुओं ने ठंडाई और स्नेहभोज के साथ हर्षोल्लास के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं।**

**समाजसेवियों का हुआ सम्मान:** समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी किशोर गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान नगर के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गर्ग और समिति के पूर्व सचिव कैलाश अग्रवाल का विशेष सम्मान किया गया। सम्मान पत्र का वाचन कविता मंगलम, रूपाली अग्रवाल, वंदना अग्रवाल और शर्मिला गुप्ता ने किया।




**तंबोला और लकी ड्रॉ ने बढ़ाया उत्साह**

आयोजन को रोचक बनाने के लिए आकर्षक तंबोला और लकी ड्रॉ भी रखे गए थे, जिसमें समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए। समय पर आने वाले शुरुआती परिवारों को भी लकी ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के उपाध्यक्ष अजीत मंगलम ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल, सांस्कृतिक सचिव पंकज अग्रवाल, ओमप्रकाश गर्ग, डॉ. विमल गर्ग, सोहनलाल अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल तथा संयोजक कीर्तेश हरभजनका, शिव अग्रवाल और अभिषेक बंसल की सराहनीय भूमिका रही। आभार सचिव सुनील अग्रवाल ने माना।